सम्मेलन

राज्य व विश्वविद्यालय स्तर की विजेता खिलाड़ियों को मिला पुरस्कार

नौशीन अंजुम बनीं वर्ष की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

नवभारत, जबलपुर। शासकीय मानकुँवर बाई कला एवं वाणिज्य स्वशासी महिला महाविद्यालय में वार्षिक स्नेह सम्मेलन 'उमंग-2026' के अंतर्गत वार्षिक खेलकूद पुरस्कार वितरण समारोह उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. स्मृति शुक्ल के निर्देशन एवं स्नेह सम्मेलन प्रभारी डॉ. कामना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। शुभारंभ संगीत की छात्राओं के स्वागत गीत एवं अतिथियों के बैच अलंकरण से हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. पी.के. मिश्रा (कुलगुरु, जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय) रहे। विशिष्ट अतिथियों में अर्जुन अवार्डी मधु यादव, दिग्विजय सिंह (सचिव, मध्यप्रदेश ओलंपिक संघ), दिग्विजय सिंह गुजराल (सह-संयोजक, खेल प्रकोष्ठ भाजपा मध्यप्रदेश) तथा पूर्व क्रीड़ा अधिकारी डॉ. ज्योति जाट मंचासीन रहे। अतिथियों ने गुब्बारे उड़ाकर खेल कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस वर्ष से सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. जे.के. गुजराल द्वारा गुजराल फाउंडेशन के माध्यम से स्व. श्रीमती कुलदीप कौर की स्मृति में स्वर्ण पदक की शुरुआत की गई। वर्ष 2026 का प्रथम 'सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी' पुरस्कार जूडो की नेशनल प्लेयर नौशीन अंजुम को प्रदान किया गया। कार्यक्रम में एनएसएस की उत्कृष्ट छात्राओं एवं एनसीसी कैडेट्स को भी सम्मानित किया गया।

ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर डॉ. मनोज प्रियदर्शन, डॉ. ब्रह्मानंद त्रिपाठी, डॉ. मुदिता श्रीवास्तव, डॉ. अर्चना देवलिया, डॉ. सपना चौहान, डॉ. आर.एन. श्रीवास्तव, डॉ. दीपक श्रीवास्तव, डॉ. उषा कैली, डॉ. चन्द्रशेखर राजहंस, डॉ. संध्या पचौरी, डॉ. अरूणा, डॉ. सुनीति सेन, डॉ. वरूण राव, डॉ. सुनीता मिश्रा सहित समस्त प्राध्यापक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्राएँ उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. एम.ए. आरिफ, डॉ. स्वाति इंदुरख्या एवं डॉ. ज्योत्स्ना झारिया एवं आभार प्रदर्शन स्नेह सम्मेलन प्रभारी डॉ. कामना श्रीवास्तव ने किया।

थ्री स्टेप दौड़ एवं सेल्फ डिफेंस का आकर्षक प्रदर्शन

महाविद्यालय के खेल प्रांगण में कंचा-चम्मच दौड़, थ्री स्टेप दौड़, स्लो साइकिल रेस, योग एवं सेल्फ डिफेंस का आकर्षक प्रदर्शन प्रस्तुत किया गया। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। साथ ही राज्य एवं विश्वविद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली 11 खिलाड़ियों को विशेष सम्मान प्रदान किया गया।

टीम यलो ने 3 विकेट से तो टीम एक्वा ने 118 रन से जीता मैच

नवभारत, जबलपुर,। जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर के तत्वाधान में उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ जबलपुर एवं हाईकोर्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन जबलपुर के सहयोग से 16-वां एडवोकेट्स प्रीमियम लीग टी-20 क्रिकेट टूर्नामेन्ट का क्वाटर फाइनल मैच टीम ब्लू एवं टीम यलो के बीच आयोजित किया गया टीम ब्लू ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवर, 6 विकेट के नुकसान पर 134 रन बनाए, जबाव में टीम यलो ने लक्ष्य का पीछा करते हुये 18.5 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 139 रन बनाते हुए इस प्रकार से टीम यलो ने 3 विकेट से मैच जीत कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

इसी क्रम में दूसरा मैच टीम एक्वा और टीम स्काई के बीच आयोजित किया गया टीम एक्वा ने पहले बल्ले बाजी करते हुये निर्धारित 20 आवेर में 6 विकेट के नुकसान पर 235 रन बनाए, जबाव में टीम स्काई ने लक्ष्य की पीछा करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 117 रन बनाए इस प्रकार टीम एक्वा ने 118 रन से मैच जीत कर सेमी फाइनल में प्रवेश किया।

इनका रहा सहयोग

इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मनीष मिश्रा, ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, मनोज तिवारी, ज्योति राय, मनोज शिवहरे, विनोद विश्वकर्मा, शैलेन्द्र, रवीन्द्र दत्त, सुदीप सिंह सैनी, प्रशांत नायक, अनुभव शर्मा (सीपू), अर्जुन साहू, दुर्गेश मनाना आदि मौजूद थे।

आरिफ तकनीकी अधिकारी, हसन- अभिषेक एम्पायर नियुक्त

पमरे के तीन अधिकारियों को अखिल भारतीय अंतर रेल हॉकी में बड़ी जिम्मेदारी

नवभारत,जबलपुर। 18 से 23 फरवरी 2026 तक रांची (झारखंड) में आयोजित होने वाली 83वीं अखिल भारतीय अंतर रेल हॉकी (पुरुष) प्रतियोगिता के लिए पश्चिम मध्य रेल (पमरे), जबलपुर मंडल के तीन अधिकारियों को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे गए हैं। रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड, नई दिल्ली द्वारा जारी नामांकन के अनुसार आरिफ अली को तकनीकी अधिकारी तथा हसन अली एवं अभिषेक श्रीवास को एम्पायर नियुक्त किया गया है। प्रतियोगिता लीग कम नॉकआउट आधार पर खेली जाएगी, जिसमें देश के अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर के नामी खिलाड़ी भाग लेंगे। पमरे के इन तीनों अधिकारियों की नियुक्ति से जबलपुर मंडल एवं पश्चिम मध्य रेल गौरवान्वित हुआ है। इस उपलब्धि पर पश्चिम मध्य रेल की महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय, पमरे खेलकूद संघ के अध्यक्ष कुशाल सिंह, महासचिव जी.पी. शिव नारायण, आईजी/आरपीएफ राजीव कुमार यादव, मंडल रेल प्रबंधक जबलपुर कमल कुमार तलरेजा, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त मो. मुनव्वर खान, मंडल खेलकूद अधिकारी डॉ. मधुर वर्मा सहित समस्त खेल प्रेमियों ने बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

कटनी और छिंदवाड़ा सेमीफाइनल में आमने-सामने

पांढुर्णा और नरसिंहपुर को हराकर दोनों टीमों ने बनाई अंतिम चार में जगह

नवभारत, जबलपुर। जबलपुर संभागीय क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंतर जिला सीनियर बालक वर्ग 'टी-20' क्रिकेट प्रतियोगिता 2025-26 में बुधवार को खेले गए मुकाबलों में कटनी और छिंदवाड़ा जिलों ने प्रभावशाली जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अब 19 फरवरी को सुबह 10 बजे कटनी और छिंदवाड़ा के बीच दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला खेला जाएगा। पहले मुकाबले में

कटनी ने पांढुर्णा को 7 विकेट से पराजित किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पांढुर्णा की टीम 17.1 ओवर में 79 रन पर सिमट गई। ओंकार सिंह ने 19 और साहिल चौरसिया ने 11 रन बनाए। कटनी की ओर से राजा खान ने 3 विकेट झटके, जबकि अयाज खान और अनुराग पटेल ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में कटनी ने 10 ओवर में 3 विकेट पर 80 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। श्री गट्टानी ने 30, सूजल ने 16 और अर्थव जोशी ने 14 रन का योगदान दिया। पांढुर्णा की ओर से अंकुर सिंह ने 2 और विशाल ने 1 विकेट हासिल किया।

ये रहे मौजूद

मैचों में अंपायर की भूमिका संदीप बर्मन, आदित्य शर्मा, पवन सिंधिया और रामाराव ने निभाई। स्कोरर शिवम् कटारे रहे तथा पर्यवेक्षक के रूप में शांतनू त्रिपाठी (एमपीसीए) उपस्थित थे। जबलपुर संभागीय सीनियर टीम के चयनकर्ता प्रशांत द्विवेदी और गोपाल दत्त जोशी तथा कोच असद खान भी मौजूद रहे।

छिंदवाड़ा ने सेमीफाइनल में किया प्रवेश

दूसरे मुकाबले में छिंदवाड़ा ने नरसिंहपुर को 8 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। नरसिंहपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट पर 106 रन बनाए। कप्तान प्रदीप पटेल ने 29, रवि मंडलोई ने 27 और ब्रायन नोनवार ने 22 रन बनाए। छिंदवाड़ा की ओर से पूर्णांक राव ने 3 विकेट लिए, जबकि आयुष्मान फिलोमान और वंदित जोशी को 2-2 विकेट मिले। लक्ष्य का पीछा करते हुए छिंदवाड़ा ने 10.3 ओवर में 2 विकेट पर 112 रन बनाकर जीत दर्ज की। वंदित जोशी ने नाबाद 59 रन (6 छक्के, 3 चौके) की विस्फोटक पारी खेली और हरप्रीत सिंह (नाबाद 24) के साथ तीसरे विकेट के लिए 80 रन की साझेदारी की। कप्तान अचिंत ठाकुर ने 15 रन बनाए। नरसिंहपुर की ओर से प्रदीप पटेल और रवि मंडलोई को 1-1 विकेट मिला।

दहेज प्रताड़ना, बीमारी में नहीं कराते थे इलाज, महिला ने की थी खुदकुशी

प्रकरण दर्ज, आरोपी पति एवं सास गिरफ्तार

जबलपुर। गोरखपुर थाना अंतर्गत पीपल मोहल्ला में रहने वाली एक महिला ने जहरीली वस्तु का सेवन कर आत्महत्या कर ली थी।

नगर पुलिस अधीक्षक गोरखपुर एम.डी.नागोतिया ने बताया कि 12 फरवरी 26 को श्रीमति मानसी राजपूत पति राकेश राजपूत 22 वर्ष निवासी पीपल मोहल्ला गोरखपुर ने जहर का सेवन कर लिया था। जिनकी इलाज के दौरान निजी अस्पताल में मौत हो गई थी । जांच में पाया गया कि मानसी राजपूत की शादी पीपल मोहल्ला गोरखपुर निवासी राकेश राजपूत के साथ हिन्दू रीति रिवाज से हुई थी मायके पक्ष ने उपहार स्वरूप गृहस्थी का सामान दिया था मानसी की मां बचपन में ही खत्म हो गयी थी जबकि पिता सुनील राजपूत विकलांग हैं।

श्रीमति मानसी को ससुराल वालों ने एक वर्ष तक ठीक से रखा जिसके बाद पति राकेश राजपूत, सास सोमबती बाई दहेज कम लाने की कहकर मानसी को मारपीट कर प्रताड़ित करने लगे, मानसी को मायके जाने नहीं देते थे बीमार होने पर उचित इलाज नहीं करवाते थे इसी प्रकार कई तरीके से प्रताड़ित करने लगे , प्रताड़ना से परेशान होकर मानसी राजपूत ने जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया जिससे दौरान उपचार के मानसी की मौत हो गयी थी। साक्ष्यों के आधार पर राकेश राजपूत एवं सास सोमवती बाई राजपूत के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया है।

मध्य प्रदेश में विकास के नाम अन्धाधुंध पेड़ों की कटाई हाईकोर्ट ने दिये संज्ञान याचिका के साथ सुनवाई के निर्देश

प्रदेश में विकास के नाम पर सदियों पुराने पेड़ों को काटे जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। याचिका में कहा गया था कि देश के मध्य में मध्य प्रदेश एकमात्र राज्य है,जिसके वन क्षेत्र में कमी आई है। हाईकोर्ट जस्टिस संजीव सचदेवा तथा जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने संज्ञान याचिका के साथ उक्त याचिका की सुनवाई के निर्देश जारी किये है। याचिका पर अगली सुनवाई 18 मार्च को निर्धारित की गयी है। भोपाल निवासी अजय दुबे की तरफ से दायर की गयी याचिका में कहा गया है कि मध्य प्रदेश में विकास के नाम पर पिछले 408 वर्ग किलोमीटर जंगल को काटा गया है। देश में मध्य भारत क्षेत्र में मध्य प्रदेश एकमात्र ऐसा राज्य है कि जिसके वन क्षेत्र में कमी आई है। याचिका में राज्यसभा में प्रस्तुत की गयी रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा गया था कि मध्य प्रदेश में 228.53 लाख हैक्टेयर वन भूमि में अतिक्रमण है। मऊ-खंडवा के बीच रेलवे लाइन डालने के लिए वन क्षेत्र के एक लाख 24 हजार पेड़ों को काटा गया है। याचिका में कहा गया था कि मध्य प्रदेश में साल 2026 में विकास के नाम पर 15 लाख पेड़ काटे जाने है। जिसमें से सौ-सौ साल पुराने पेड भी शामिल है। पेड़ काटने के एवज में पौधे लगाने के वादे खोखले है। पौधे की देखभाल नहीं की जाती है। प्रदेश में उज्जैन,भोपाल,सिंगरौली,विदिषा,रायसेन सहित अन्य जिले में जमकर पेड़ की कटाई जारी है। युगलपीठ ने सुनवाई के बाद उक्त आदेश जारी किये। याचिकाकर्ता की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता आदित्य संघी ने पैरवी की।

भोपाल निगमायुक्त संस्कृति जैन को बड़ी राहत

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने बुधवार को नगर निगम भोपाल की आयुक्त संस्कृति जैन के विरुद्ध अवमानना की कार्रवाई निरस्त कर दी। जबकि एकलपीठ के समक्ष मूल याचिका पर सुनवाई जारी रहने की व्यवस्था दी है।

दरअसल इस मामले में एकलपीठ ने एकलपीठ ने निगमायुक्त को अवमानना का दोषी करार दिया था और उसकी सजा के लिए सुनवाई होनी थी। इसी बीच नगर निगम भोपाल व निगमायुक्त की ओर से युगलपीठ के समक्ष अपील दायर कर दी थी। नगर निगम आयुक्त की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एचएस रूपराह, सुयश मोहन गुरू ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि हाईकोर्ट ने अवमानना की कार्रवाई शुरू करने का अधिकारतभी है जब न्यायालय के आदेशों का जानबूझकर उल्लंघन हुआ हो।

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राजेंद्र जायसवाल पिता श्री बी. एल. जायसवाल एवं श्रीमती आरती जायसवाल पत्नि श्री आर. के. जायसवाल के स्वामित्व की निम्न अचल संपत्तियां हमारे कार्यार्थी बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा एम.एस.एम.ई, जबलपुर द्वारा श्री आकर्ष जायसवाल पिता श्री राजेंद्र जायसवाल को दिये गये कुल ऋण राशि 10,00,00,000/- अंकन दस करोड़ रुपये के अदायगी की सुरक्षा हेतु जरिये साम्य बंधक किया जाकर उक्त ऋण प्रदान कर साम्य बंधक का पंजीयन उप-पंजीयक कार्यालय, जबलपुर-01 में पंजीयन क्र. MP50IGR17572025A100563183 दिनांक 03.07.2025 को कराया गया है। बंधक की गई संपत्ति का विवरण (1) मौजा कटियाघाट, नं.बं. 506, प.ह.नं. 27 पुराना, नया 10, रा.नि.मं. जबलपुर-1, वीरांगना रानी आवंती बाई वार्ड, तहसील व जिला जबलपुर में स्थित डायवर्टेड एवं पटवारी खसरा न. 12/2 का भाग, प्लाट रकवा 3830 वर्गफुट में से उत्तर तरफ का भाग रकवा 1975 वर्गफुट का खाली प्लाट है, जो मकान न. 1138 का भाग है जिसके उत्तर में श्री रामनरेश प्रसाद गुप्ता की संपत्ति, दक्षिण में विक्रेता का शेष प्लाट, पूर्व में खन्ना जी की संपत्ति, पश्चिम में मुख्य मार्ग है, जिसका विक्रय पत्र क्र. MP182542019A1601536 दिनांक 26.08.2019, जिसका विक्रय मूल्य 31,00,000/- है, जो श्री राजेंद्र जायसवाल के नाम पर है (2) मौजा कटियाघाट, नं.बं. 506, प.ह.नं. 27-पुराना, नया-10, रा.नि.मं. जबलपुर-1, वीरांगना रानी आवंती बाई वार्ड, तहसील व जिला जबलपुर में स्थित डायवर्टेड एवं पटवारी खसरा न. 12/2 का भाग, प्लाट रकवा 3830 वर्गफुट में से दक्षिण तरफ का भाग रकवा 1855 वर्गफुट का खाली प्लाट है, जो मकान न. 1138 का भाग है, जिसके उत्तर में खरीददार श्री राजेंद्र जायसवाल का प्लाट, दक्षिण में खन्ना जी की संपत्ति, पूर्व में खन्ना जी की संपत्ति, पश्चिम में मेन रोड है, जिसका विक्रय पत्र क्र. MP182542019A1634167 दिनांक 07.09.2019 जिसका विक्रय मूल्य 29,00,000/- है, जो श्री राजेंद्र जायसवाल के नाम पर है (3) मौजा बिलहरी, प.ह.नं. 27/10, रा.नि.मं. जबलपुर-1, तहसील व जिला जबलपुर में स्थित खसरा न. 159/3 के रकवा 0.405 हेक्टेयर भूमि यानि 1.0125 एकड़ है, जिसके उत्तर में श्री दिलीप मेहता की भूमि, दक्षिण में श्री संजय लाखोटिया की भूमि, पूर्व में श्री संदीप जैन की भूमि, पश्चिम में नाला है, जिसका विक्रय पत्र दस्तावेज क्र. 740, ग्रंथ क्र. 808, पृष्ठ क्र. 94 से 105, दिनांक 28.06.2012 जिसका विक्रय मूल्य 1,00,00,000/- है, जो श्रीमती आरती जायसवाल के नाम पर है। अतः इस आम सूचना के माध्यम से सर्व साधारण, वित्तीय, गैर-वित्तीय संस्था (बैंक एवं फाइनेंस कम्पनी) एवं सभी प्रकार की राज्य शासन एवं केंद्र शासन के संस्थानों को सूचित किया जाता है कि उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार का लेन-देन, क्रय-विक्रय, अंतरण, भार व अनुबंध सम्बन्धित दस्तावेज न तैयार करे और न ही लेन-देन करे। उक्तानुसार करने पर समस्त जवाबदारी लेन-देन कर्ता या अंतरणग्रहिता की होगी। वेद प्रकाश अधौलिया (अधिवक्ता)
बैंक ऑफ बड़ौदा, जबलपुर,
निवास- डी-34, कचनार सिटी, विजयनगर, जबलपुर मो.9827224089, 9340331208

पश्चिम मध्य रेल

खुली निविदा
संकेत एवं दूरसंचार विभाग

मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) पश्चिम मध्य रेल्वे, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्न लिखित कार्यों हेतु निर्धारित ई निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा सूचना क्रमांक:** जबल-एन-सिग.-टेण्डर-2026-7, **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल में तीन वर्षों के लिए CO2 प्रकार के अग्निशामक यंत्रों की मरम्मत और सर्विसिंग (आवश्यकता के अनुसार रिफिलिंग और स्पेशर पार्ट्स बदलना) सहित जबलपुर मंडल में स्थापित CO2 प्रकार के अग्निशामक यंत्रों का व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध (CAMC), **निविदा का अनुमानित मूल्य (रू. में):** रू 1104017.04, **निविदा फार्म की कीमत (रूपये):** रू 00/-, **कार्यालय का पता:** मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) कार्यालय, प्रथम तल, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, जबलपुर, **बयाना राशि रूपये:** रू 22100/-, **समापन अवधि (माह):** 36 माह, **निविदा बंद होने एवं खुलने की अंतिम तिथि एवं समय:** दिनांक 10.03.2026 को 15.00 बजे तक बंद होगी एवं 15.00 बजे के बाद खोली जाएगी। निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे वेबसाइट "https://ireps.gov.in" पर उपलब्ध है तथा मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) कार्यालय पश्चिम मध्य रले जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है। उक्त निविदा उक्त वेबसाइट से ओनलाईन आवेदन की जा सकती है।

मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार),
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

पश्चिम मध्य रेल

शुद्धि सूचना क्र. – 2
दिनांक: 16/02/2026

मद– IREPS की वेबसाइट पर NIT: JBP-PROJECT-EPC 2025-02 दिनांक 08/01/2026, निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय, 19/02/2026 up to 15:00 hrs., IREPS पर संशोधित दिनांक – 27/02/2026 up to 15:00 hrs., शेष वस्तुएँ यथावत एवं अपरिवर्तित रहेंगी। (हस्ता.)

कृते उप मुख्य विद्युत इंजी.(परियोजना)
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर

रा.प्र.क्र./ 1428/अ-6/2025-26

आम इश्तहार

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेश कुमार पटेल (अन्य) पिता स्व. बल्लू प्रसाद पटेल निवासी- 2518 न्यू कंचनपुर दीवान अधार सिंह वार्ड ने नजूल ब्लाक नं. प्लाट नं. रकवा 1225 व.फु./हे. ग्राम भडपुरा प.ह.नं. खसरा नं. 289/4 रकवा 1225 व.फु./हे. पर विक्रय पत्र/हक त्याग/ वसीयतनामा /दानपत्र/वारसान हक/ दिनांक 25/01/2007 मृत्यु दिनांक को हो जाने के कारण वारसान हक / क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र, खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा / पटवारी /डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं. प्लाट नं. रकवा 1225 व.फु./हे. ग्राम भडपुरा प.ह.नं. खसरा नं. 289/4 रकवा 1225 व.फु./हे. पर के नाम दर्ज है।

अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 02/03/2026 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

इश्तहार आज दिनांक 12/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक:- 12/02/2026
पेशी दिनांक:- 02/03/2026

सील

तहसीलदार
रांझी, जबलपुर (म.प्र.)

कार्यालय प्राचार्य शासकीय पोलीटेकनिक महाविद्यालय उमरिया (म.प्र.)

ग्राम डबरौहा के समीप पीली कोठी कछरवार रोड उमरिया म.प्र. पिन कोड-484661
ईमेल आईडी : prinpolyumr@mp.gov.in वेबसाइट : http://gpcumaria.ac.in फोन नं. : 07653-299055

क्रमांक/पुस्तकालय/टेन्डर/2026/1008 — उमरिया, दिनांक 11/02/2026

निविदा की जानकारी

उपरोक्त विषयांतार्गत लेख है कि आयुक्त तकनीकी शिक्षा भोपाल से स्वीकृति क्रमांक/यो/05/ के/2026/30 भोपाल दिनांक 02/01/2026 के अंतर्गत स्वीकृत राशि से संस्था पुस्तकालय विभाग में पुस्तकों का क्रय MP Tender पोर्टल के माध्यम से निविदा के द्वारा किया जाना है। जिससे संबन्धित निविदा की जानकारी मध्यप्रदेश के विभिन्न प्रमुख समाचार पत्रों में छपवाए जाने का अनुरोध है।

S.N.	DESCRIPTION/BID No.	EMD Rs.	Tender Document Fee
1.	Tender ID 2026_DTE_481219_1	Rs.39000	2000

उक्त से संबन्धित निविदा का पूर्ण विवरण एवं अन्य समस्त दस्तावेज जो संस्था द्वारा चाहे गए हैं उसकी पूर्ण जानकारी का विवरण https://mptenders.gov.in/ एवं महाविद्यालय की बेवसाइट https://gpcumaria.ac.in/ पर उपलब्ध है। टेंडर से संबन्धित प्रमुख तिथियाँ एवं समय की जानकारी इस प्रकार है-

Critical Dates

Publish Date	10/02/2026, 06:00 PM	Bid Opening Date	27/02/2026, 11:00 AM
Document Download/ Sale Start Date	10/02/2026, 06:00 PM	Document Download/ Sale End Date	25/02/2026, 06:00 PM
Clarification Start Date	10/02/2026, 06:00 PM	Clarification End Date	25/02/2026, 02:00 PM
Bid Submission Start Date	10/02/2026, 06:00 PM	Bid Submission End Date	25/02/2026, 06:00 PM

जी-25953/25 — स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता — प्राचार्य शासकीय पोलीटेकनिक महाविद्यालय जिला-उमरिया (म.प्र.)

कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)

// निविदा सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1.	PRO- 889 Date-19/02/2026 2026_UAD_481999_1	पं. मदन मोहन मालवीय वार्ड अंतर्गत कदम तलैया (शंकर जी) मंदिर के पीछे बाउण्डीबॉल निर्माण कार्य।	03 माह ₹.3.41 लाख	₹.2000/- ₹. 3410/-	09/03/2026

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट https://mptender.gov.in पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा। कार्यपालन यंत्री(लोककर्म विभाग) नगर निगम जबलपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)

// पंचम निविदा सूचना //

N.I.T.NO/PWD/e-tendering/PRO/880 — Date : 17/02/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1.	PRO- 880 Tender ID-2026_UAD_488224_1	सं.क्र.-14 अंतर्गत समस्त वार्डो में विभिन्न स्थानों में (जाफर बेकरी के पीछे, प्रिंस मेडिकल के सामने गांजी मस्जिद के सामने आदि) चेम्बर लगाना एवं विभिन्न स्थानों में पुलिया निर्माण सड़क मरम्मत कार्य।	03 माह ₹.4.23 लाख	₹.2000/- ₹. 4231/-	24/02/2026
2.	PRO- 880 Tender ID-2026_UAD_488224_2	पं. मोतीलाल नेहरू वार्ड अमखेरा रोड के समीप गलगलिया के घर से अशरफ ठाकुर से लेकर शेरा बोरी तक सड़क निर्माण कार्य।	03 माह ₹.9.10 लाख	₹.2000/- ₹. 9106/-	30/02/2026

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा। कार्यपालन यंत्री (लोककर्म विभाग) नगर निगम जबलपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर

// तृतीय निविदा सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1	PRO- 887 Date-18/02/2026 2026_UAD_483225_1	संभाग क्रमांक-06 डॉ. गोविंद वल्लभ पंत में घोड़ा नक्काश क्षेत्र में पूर्व विधायक निवास की जर्जर गली में पेवर ब्लॉक व चेम्बर लगाने का कार्य। (पार्षद-मद)	तीन माह ₹.2.99/- (लाख)	₹.2000/- ₹. 2992/-	05/03/2026
2	PRO- 887 Date-18/02/2026 2026_UAD_483225_2	संभाग क्रमांक 06 अंतर्गत राजीव गांधी वार्ड अंतर्गत कृष्णा कॉलोनी में निम्न स्थान पर नाली निर्माण एवं श्रीमति पुष्पा विश्वकर्मा के मकान से आंगनबाडी केन्द्र तक सी सी रोड का निर्माण। (पार्षद -मद)	तीन माह ₹.4.82/- (लाख)	₹.2000/- ₹. 4827/-	
3	PRO- 887 Date-18/02/2026 2026_UAD_483225_3	संभाग क्रमांक 06 अंतर्गत राजीव गांधी वार्ड में गली नम्बर 17 में श्री चौबे कोचिंग क्लास से अंतिम छोर तक सड़क निर्माण कार्य।(पार्षद-मद)	तीन माह ₹.7.51/- (लाख)	₹.2000/- ₹. 7512/-	
4	PRO- 887 Date-18/02/2026 2026_UAD_483225_4	संभाग क्रमांक 06 अंतर्गत राजीव गांधी वार्ड अंतर्गत कृष्णा कॉलोनी मे कुसुम कोष्टा के मकान के सामने सी सी सड़क निर्माण कार्य।(पार्षद -मद)	तीन माह ₹.9.22/- (लाख)	₹.2000/- ₹. 9224/-	

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट https://mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। कार्यपालन यंत्री नगर पालिक निगम जबलपुर